## कौशांबी में नकली खाद फैक्ट्री पर छापा, 5 लोग गिरफ्तार:पोटाश, डीएपी बनाने का कच्चा माल जब्त, गोदाम सील



कौशांबी में मंगलवार की शाम को जिला कृषि अधिकारी और उप जिला कृषि अधिकारी ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर पालिका परिषद भरवारी के असदउल्लापुर रोही गांव में नकली खाद बनाने वाले गोदाम में छापेमारी की। इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक और भरवारी चौकी पुलिस की टीम भी शामिल रही।

कृषि विभाग की टीम ने मौके से तीन कुंतल नमक, नकली खाद बनाने में प्रयुक्त रसायन, डीएपी खाद की नई बोरियां, कुछ भरी हुई डीएपी की बोरियां और 60 बोरी नकली पोटाश बरामद की।

**Source: [https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/kaushambi/news/fake-fertilizer-factory-raided-in-kaushambi-5-arrested-136114175.html](https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/kaushambi/news/fake-fertilizer-factory-raided-in-kaushambi-5-arrested-136114175.html)**